Need for stringent laws to control road accidents in the country- laid

श्री रामदास तडस (वर्धा): मैं माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय पर आकर्षित करते हुए कहना चाहता हूँ कि महाराष्ट्र के बुलढाणा जिला मे सिंदखेड़राजा के पिंपलखुटा गांव के पास समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे नागपूर से पुर्ण जा रही विदर्भ टॅव्हल्स के चालक के गलती की वजह बडा हादसा हुआ है। इस हादसे में बस को आग लगने से 25 यात्रियों की मौत हुई है, जिसमे वर्धा जिला के 14 यात्री एवं 02 साल की बच्ची का समावेश है। उक्त दुर्घटना से पूरा महाराष्ट्र शोक में डूब गया था। इस घटना के लिए वाहन का चालक प्रत्यक्ष रूप एवं ट्रॅव्हल्स मालिक भी इस का ज़िम्मेदार है, इस घटना के लिए जिम्मेदार वाहन का चालक एवं ट्रॅव्हल्स मालिक पर कार्यवाही करे । ऐसी घटना दोबारा नही हो इसलिए केंद्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आवश्यक प्रावधानों को बेहद कठोर करना एवं देश में अच्छे ड्राइविंग स्कूलों का निर्माण करने की आवश्यकता है। माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह है कि, केंद्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रावधानों को बेहद कठोर करना एवं देश में अच्छे ड्राइविंग स्कूलों का निर्माण कराने हेतु उचित निर्णय लेने का कृपा करें।